i

# फिनटेक न्यूजलेटर वाल्यूम IV



## इक्विफैक्स

**किरण समुद्रला**
**उपाध्यक्ष -आंकड़े एवं विश्लेषण**
Kiran. samudrala @equifax.com

**श्रुति जोशी**
**प्रमुख -इनसाइटस**
**shruti.joshi@equifax.com**

**पूजा रोडोला**
**वरिष्ठ परामर्शदाता**
**pooja.rodolla@equifax.com**

## सिडबी

**चन्द्रशेखर थानवी**
**मुख्य महामहाप्रबंधक - एमपीआईवी- ईआरडीए**
[erdav@sidbi.in](mailto:erdav@sidbi.in)

**ऋषि द्विवेदी**
**महाप्रबंधक एमपीआईवी**
**erdav@sidbi.in**

**रमेश कुमार**
**प्रबंधक एमपीआईवी**
**rameshk@sidbi.in**

कार्यपालक सारांश




फिनटेक समीक्षा







फिनटेक उत्पादः

ग्राहक ऋण

टिकटों के आकार पर खंडविभाजन




अपचार

गहन परीक्षण




फिनटेक व्यवसाय माडल (एफ बी एम एस) का संक्षिप्त विवरण




संक्षेपण व शब्दावली

सभी मोर्चों पर तकनीक के अंगीकार का सबसे बड़ा उत्प्रेरक कोविड की वैश्विक महामारी रही है, चाहे वह ऋण प्रदायगी क्षेत्र में हो या व्यापार के लिए बाजार संबद्धता हो, जिसके परिणामस्वरूप भारत में नए फिनटेक संस्थाओं में वृद्धि हुई है। फिनटेक उद्योग में अभिवृद्धि के परिणामस्वरूप ग्राहक आधार विस्तृत हुआ है और प्रौद्योगिकी संचालित सेवाओं के पूंजी प्रवाह में वृद्धि दर्ज हुई है। उन्नत आंकड़े और विश्लेषण क्षमताओं के साथ, फिनटेक कंपनियां कतिपय उद्योगों में अपने विभिन्न ग्राहकों को वित्तीय समाधान का एक बेहतर, उन्नत स्वरूप प्रदान कर रही हैं, जिससे भुगतान के पारंपरिक तरीके का स्थान डिजिटल भुगतान ले रहे हैं। फिनटेक उद्योग में विभिन्न व्यावसायिक मॉडलों को अपनाने से यह प्रक्रिया सुगम हो गई है। हमारी रिपोर्ट फिनटेक परिदृश्य की वर्तमान स्थिति, शीर्ष उत्पादों, भूगोल और उपयोग किए गए विभिन्न फिनटेक व्यवसाय मॉडल का संक्षिप्त विवरण सुलभ कराती है।


यथा 30 सितंबर 2021 तक फिनटेक उद्योग का बकाया संविभाग ₹37.5 हजार करोड़ रहा और इसमें 10% की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई। ऋण उत्पत्ति वार्षिक वृद्धि दर्शाती है, जहां राशि में 56% की वृद्धि हुई है, जबकि जुलाई-सितंबर 20 तिमाही की तुलना में जुलाई-सितंबर 21 की तिमाही में संवितरित ऋणों की संख्या में 51% की वृद्धि हुई है। व्यक्तिगत ऋण मुख्य रूप से पसंदीदा उत्पाद बना हुआ है, जिसमें 89% की वृद्धि हुई, जबकि जुलाई-सितंबर 20 की तुलना में जुलाई-सितंबर 21 में उपभोक्ता ऋणों के नए ऋण संवितरण में 23% की गिरावट देखी गई। फिनटेक की बाजार हिस्सेदारी में व्यवसाय-ऋण अभी भी पीछे है, लेकिन वे उद्योग-विशेष के स्तर से नीचे अपने अपचार-प्रबंध में सक्षम रहें है।

वर्तमान रिपोर्ट 115 एनबीएफसी-फिनटेक (यथा सितंबर 2021 तक) का विश्लेषण है, जो इक्विफैक्स के सम्मुख आंकड़े प्रस्तुत करते हैं। इस रिपोर्ट के माध्यम से हमारा लक्ष्य फिनटेक विकास, क्षेत्रीय उपस्थिति और पहुँच, जोखिम-रूपरेखा और फिनटेक ऋण प्रदायगी के क्षेत्र में विकासगत प्रवृतियों से संबंधित मुख्य प्रश्नों और परिकल्पना के प्रति प्रतिक्रिया उपलब्ध कराना है।





# फिनटेक का संक्षिप्त विवरण


**सक्रिय ऋण**




**संविभाग बकाया ( र करोड़ , %)**




संवितरित राशि (र करोड़ % शेयर) जु सि




व्यवसाय ऋण - सामान्य | उपभोक्ता ऋण | व्यक्तिगत ऋण | शेष अन्य उत्पाद


- खुदरा संविभाग के कुल बकाया में फिनटेक उद्योग का योगदान ₹37.5 हजार करोड़ था, जहां यथा 30 सितंबर 2021 तक ₹ 81.8 लाख करोड़ विक्रय केंद्र अभिलिखित किए गए हैं।
- यथा सितंबर 2021 को व्यक्तिगत ऋण मूल्य (आरओपी निकालकर) एवं वाल्यूम दोनों आधारों पर अग्रणी है, जहां पीओएस का हिस्सा 30% है तथा 46% सक्रिय ऋण हिस्सा है जबकि उपभोक्ता ऋण पीओएस (6%) एवं व्यवसाय ऋण - सामान्य सक्रिय ऋण हिस्से (1%) की बाजार हिस्सेदारी न्यूनतम है
- तथापि उपभोक्ता ऋण की सक्रिय बाजार हिस्सेदारी 39%पर द्वितीय स्तर की है।

**फिनटेक स्नैपसाट**

| यथा 21 सितंबर तक फिनटेक स्नैपसाट | व्यवसाय ऋण (सामान्य ) | उपभोक्ता ऋण | व्यक्तिगत ऋण | शेष उत्पाद | सभी उत्पाद |
|---|---|---|---|---|---|
| सक्रिय ऋण ('000) | 153 | 5,564 | 6,444 | 1,954 | 14,115 |
| संविभाग बकाया (₹करोड़) | 5,432 | 2,059 | 11,337 | 18,669 | 37,497 |
| संवितरित राशि ( ₹करोड़) जुलाई सितंबर 21 | 1,162 | 1,186 | 4,538 | 2,795 | 9,681 |

- यथा सितंबर 2021 तक शेष उत्पाद फिनटेक पीओएस में 50% और सक्रिय फिनटेक ऋण में 14% का योगदान करते हैं।
- जुलाई अगस्त सितंबर '21 के दौरान संवितरण राशि ₹ 9.6 हजार करोड़ है, जहां व्यक्तिगत ऋण 47% के योगदान के साथ अग्रणी हैं।

## मूल्य आधार पर तिमाही स्रोत वितरण





- मूल्य और मात्रा के अनुसार संवितरण में जुलाई अगस्त सितंबर '20 से जुलाई अगस्त सितंबर '21 तक क्रमशः 56% और 51% की वर्षानुवर्ष की वृद्धि दर्ज की।
- जुलाई अगस्त सितंबर '20 से जुलाई अगस्त सितंबर 21 तक मूल्य के आधार पर व्यक्तिगत ऋणों में 130% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की, जबकि उपभोक्ता ऋणों में 17% की गिरावट दिखाई।
- इसलिए, जुलाई अगस्त सितंबर '20 की तुलना में जुलाई अगस्त सितंबर '21 में व्यक्तिगत ऋणों की बाजार हिस्सेदारी में वार्षिक 15% की सबसे अधिक वृद्धि देखी गई, जबकि उपभोक्ता ऋणों में सबसे अधिक 11% की गिरावट' देखी गई।

## वाल्यूम आधार पर तिमाही स्रोत वितरण


| उच्च उत्पाद Top Products (No. of loans, '000) | जु-सि '20 | अ-दि '20 | जमा '21 | अ-जू '21 | जु-सि '21 | वर्ष-नु वर्ष वृद्धि दर % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| व्यवसाय ऋण सामान्य | 11 | 14 | 32 | 14 | 17 | 55% |
| उपभोक्ता ऋण | 1,512 | 1,604 | 1,432 | 1,145 | 1,164 | -23% |
| व्यक्तिगत ऋण | 2,643 | 4,878 | 2,324 | 4,034 | 5,005 | 89% |
| शेष अन्य उत्पाद | 181 | 439 | 573 | 371 | 395 | 118% |
| सभी उत्पाद | 4,347 | 6,935 | 4,361 | 5,564 | 6,581 | 51% |
| वर्षा नु वर्ष वृद्धि दर % | - | 60% | -37% | 28% | 18% | - |

- यदि वॉल्यूम वृद्धि में व्यक्त करें, तो समग्र वॉल्यूम वृद्धि में व्यक्तिगत ऋण का मुख्य योगदान (वर्ष-दर-वर्ष 89% वृद्धि, जुलाई अगस्त सितंबर '21 का हिस्सा 76%) हैं




- व्यवसाय ऋण - सामान्य एटीएस सभी उत्पादों में सबसे अधिक है और यह उद्योग एटीएस से भी अधिक है।
- व्यक्तिगत ऋण एटीएस उद्योग एटीएस से 38% कम है, जबकि यथा 30 सितंबर 2021 को उपभोक्ता ऋण एटीएस उद्योग एटीएस से 31% कम है।

## तिमाही में पीओएस वितरण




| शीर्ष उत्पाद Top Products (` crore) | सित'20 | दिस'20 | मार्च '21 | जून 21 | सित'21 | वर्षा नु वर्ष दर % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| व्यवसाय ऋण- सामान्य | 4,555 | 4,413 | 4,506 | 4,374 | 5,432 | 19% |
| उपभोक्ता ऋण | 2,524 | 2,620 | 2,025 | 1,882 | 2,059 | -18% |
| व्यक्तिगत ऋण | 10,305 | 11,051 | 10,761 | 10,553 | 11,337 | 10% |
| अन्य सभी उत्पाद | 16,760 | 17,087 | 17,773 | 17,556 | 18,669 | 11% |
| सभी उत्पाद | 34,144 | 35,171 | 35,065 | 34,365 | 37,497 | 10% |
| वर्षानुवर्ष वृद्धि दर % | - | 3% | 0% | -2% | 9% | - |

- यथा सितंबर 2020 से सितंबर 2021 तक बकाया संविभाग में 10% की वर्षानुवर्ष वृद्धि और जून 2021 से सितंबर 2021 तक तिमाही दर तिमाही 9% की वृद्धि दर्ज की है।
- व्यवसाय ऋण सामान्य में सितंबर 2020 से सितंबर 2021 तक 19% की वार्षिक वृद्धि और जून 2021 से सितंबर 2021 तक 24% की तिमाही दर तिमाही वृद्धि दर्ज की गई है-
- सितंबर 2021 में व्यक्तिगत ऋण और आरओपी ने 10% और 11% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की, जबकि उपभोक्ता ऋण में 18% की गिरावट दर्ज की गई।


# फिनटेक उत्पाद :

# ऋण-राशि आधारित बकेटों के आधार पर उपभोक्ता ऋण का खंडीकरण



Powering the World with knowledge ™


# उपभोक्ता ऋण संक्षिप्त विवरण 30 सितंबर, 2021




| यथा सित'21 को उपभोक्ता ऋण स्नैपशॉट | 0-10K | 10K-20K | 20K+ | कुल |
|---|---|---|---|---|
| सक्रिय ऋण ('000) | 3,549 | 1,107 | 908 | 5,564 |
| बकाया संविभाग (` crore) | 446 | 739 | 874 | 2,059 |
| संवितरित राशि (crore) JAS'21 | 354 | 493 | 339 | 1,186 |

- यथा 30 सितंबर 2021 को उपभोक्ता ऋण संविभाग की बकाया राशि समग्र फिनटेक संविभाग बकाया में 6% बाजार हिस्सेदारी का योगदान करता है।
- 20k+ टिकट आकार का पीओएस में 42% की बाजार हिस्सेदारी जो की उच्चतम थी, जबकि 0-10k टिकट आकार ने सक्रिय ऋण में 64% की बाजार हिस्सेदारी दर्शाई जो की उच्चतम थी।
- जुलाई अगस्त सितंबर 21 के दौरान संवितरित राशि में 10k-20k टिकट आकार के ऋणों की बाजार हिस्सेदारी 42% पर सबसे अधिक है।


# उपभोक्ता ऋण संवितरण की प्रवतियाँ




| Ticket Size (No. of loans, '000) | जु सि'20 | अक् दि'20 | ज मार्च '21 | अ-जून '21 | जु-सि21 | वर्ष-नु वर्ष वृद्धि दर % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0-10K | 1,016 | 1,078 | 952 | 777 | 729 | -28% |
| 10K-20K | 414 | 441 | 416 | 306 | 378 | -9% |
| 20k+ | 82 | 85 | 64 | 62 | 57 | -30% |
| Total | 1,512 | 1,604 | 1,432 | 1,145 | 1,164 | -23% |
| Q-o-Q Growth Rate % | | 6% | -11% | -20% | 2% | |

- 0-10k टिकट आकार श्रेणी के तहत सबसे अधिक ऋण जारी किए गए हैं
- जुलाई अगस्त सितंबर '20 से जुलाई अगस्त सितंबर '21 तक 0-10k टिकट आकार के ऋणों में 28% की गिरावट दर्ज की है
- 10k-20k टिकट आकार के ऋणों ने अप्रैल जून '21 से जुलाई अगस्त सितंबर '21 तक 24% की उच्चतम तिमाही दर तिमाही वृद्धि दर्ज की

## तिमाही में पीओएस संवितरण





| टिकट आकार (` crore) | सित'20 | दिस'20 | मार्च '21 | जून '21 | सित '21 | वर्ष नु वर्ष वृद्धि दर % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0-10K | 694 | 782 | 615 | 554 | 446 | -36% |
| 10K-20K | 958 | 980 | 699 | 701 | 739 | -23% |
| 20k+ | 872 | 858 | 711 | 627 | 874 | 0% |
| कुल | 2,524 | 2,620 | 2,025 | 1,882 | 2,059 | -18% |
| ति. दर ति. वृद्धि दर % | | 4% | -23% | -7% | 9% | |

समग्र उपभोक्ता ऋण उत्पाद के लिए बकाया संविभाग में सितंबर 2020 से सितंबर 2021 तक 18% की वार्षिक गिरावट देखी गई, लेकिन जून 2021 से सितंबर 2021 तक तिमाही में 9% की वृद्धि देखी गई।


सितंबर 2020 से सितंबर 2021 तक 10k-20k टिकट आकार के लिए बकाया संविभाग में 23% की गिरावट दर्ज की गई।

# अपचार गहन परीक्षण






- सितंबर 2020 से सितंबर 2021 तक व्यक्तिगत ऋणों के लिए 90+ अपचार में 1.67% की वार्षिक वृद्धि और जून 2021 से सितंबर 2021 तक 3.03% की तिमाही गिरावट दर्ज की गई।
- उपभोक्ता ऋण में सितंबर 2020 से सितंबर 2021 तक वार्षिक 0.67% और जून 2021 से सितंबर 2021 तक 0.24% तिमाही वृद्धि देखी गई
- व्यवसाय ऋण (सामान्य) में वार्षिक 1.00% और तिमाही में 0.51% की गिरावट देखी गई।




- सितंबर 2020 से सितंबर 2021 तक पूर्वी अंचलों के लिए 90+ अपचार, स्थगन के बाद दबाव की स्थितियां दर्शाते हुए 2.22% की वार्षिक वृद्धि परिलक्षित करती है, यद्यपि जून 2021 से सितंबर 2021 तक 1.46% की तिमाही गिरावट हुई है।
- पश्चिम क्षेत्र में सितंबर 2020 से सितंबर 2021 तक 1.24% की वृद्धि और जून 2021 से सितंबर 2021 तक 2.13% की गिरावट देखी गई।
- दक्षिण और उत्तर क्षेत्र ने क्रमशः 1.37% और 1.64% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दिखाई है।
- सितंबर 2020 की तुलना में सभी क्षेत्रों में अपचार के स्तर में वृद्धि देखी गई है, यद्यपि जून 2021 की तुलना में विभिन्न स्तरों में सुधार हुआ है।

# फिनटेक व्यवसाय मॉडल( (एफबीएम)

## संक्षिप्त विवरण



डिजिटल ऋण प्रदायगी : डिजिटल ऋण प्रदायगी ऋण वितरण की प्रक्रिया है, जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से संपन्न की जाती है। यह पारंपरिक साधनों की तुलना में बहुत तेज और कहीं अधिक सरल है और 24 घंटों के भीतर ऋण संवितरित किए जा सकते हैं। इस श्रेणी में विविध प्रकृति के फिनटेक व्यापार मॉडल हैं और ये लघु और दीर्घकालिक दोनों उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। साथ ही, यह प्लेटफॉर्म ग्राहक को बैंकों और गैर-बैंक संस्थाओं से उपलब्ध ऋण संबंधी विकल्पों की तुलना करने की सुविधा भी देता है।

डिजिटल बीमा या इंसुरटेक: डिजिटल बीमा एक बीमा व्यवसाय मॉडल है, जो आंतरिक प्रक्रियाओं और ग्राहक-के सामने किए जाने वाले कार्यों के लिए डिजिटल तकनीक पर बहुत अधिक निर्भर करता है। इस स्थान पर मुख्य रूप से नवजात स्टार्टअप का वर्चस्व है, जो बीमा के जीवन चक्र के विभिन्न पहलुओं पर काम करते हैं - अर्थात अग्रणी प्रबंध, हामीदारी, बिक्री और वितरण, दावे और नवीकरण। दावों के संसाधन को शीघ्रता से करने के लिए डिजिटल बीमा बैकएंड पर ब्लॉकचेन आधारित सिस्टम का उपयोग कर रहा है। इसके अलावा, पारंपरिक बीमा कंपनियां एआई, डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचैन जैसी तकनीकों का उपयोग कर रही हैं, ताकि एजेंटों को सही बीमा बेचने, आभासी शाखाएं स्थापित करने और दावों को तेजी से और अधिक कुशलता से संसाधित करने में सहायता मिल सके।

नियो बैंकिंग: केवल डिजिटल प्लेटफॉर्म होने के कारण, नियोबैंक तेज, सक्षम, सरल, अनुकूल और अत्यधिक लागत प्रभावी है। अलग-अलग नियोबैंक का अलग-अलग फोकस है - कुछ ऑनलाइन बैंक खातों के प्रबंध और बजट और बचत उपकरणों अन्य वित्त को स्वचालित करने में मदद करने के लिए लेखांकन में विशेषज्ञ हैं, जबकि कुछ क्रेडिट-अंडरराइटिंग प्रक्रिया में सहायता कर रहीं हैं। कुछ नियोबैंक पूरे बैंकिंग हिस्से को नियंत्रित करती हैं और अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से विभिन्न सेवाएं प्रदान करती हैं।

डिजिटल वॉलेट: एक डिजिटल वॉलेट एक ऐसी प्रणाली है, जो कई भुगतान विधियों और वेबसाइटों के लिए भुगतान जानकारी और पासवर्ड को सुरक्षित रूप से संग्रहीत करती है। डिजिटल वॉलेट का उपयोग करके उपयोगकर्ता निकट-क्षेत्रीय संचार तकनीक या ऑनलाइन स्थानान्तरण के माध्यम से आसानी से और शीघ्रता से खरीदारी पूरी कर सकते हैं। डिजिटल वॉलेट का उपयोग मोबाइल भुगतान प्रणालियों के संयोजन में किया जा सकता है, जो ग्राहकों को अपने स्मार्टफोन से खरीदारी के लिए भुगतान करने की अनुमति देता है। लॉयल्टी कार्ड की जानकारी और डिजिटल कूपन को स्टोर करने के लिए एक डिजिटल वॉलेट का भी उपयोग किया जा सकता है।

भुगतान गेटवे: इस मॉडल के तहत, फिनटेक कंपनियां विभिन्न भुगतान विधियों को अनुप्रयोग या ऐप के सुविधाजनक रूप में एकीकृत करती हैं। ये अनुप्रयोग ऑनलाइन व्यापारियों, ई-कॉमर्स जैसे ऑनलाइन व्यवसायों द्वारा अपनाए जाते हैं, और उनकी संबंधित वेबसाइटों पर आसानी से व्यवस्थित और निर्बाध रूप से एकीकृत होते हैं। इस प्रकार, पेमेंट गेटवे सुविधाजनक प्लेटफॉर्म हैं, जो दुकानदारों, उपभोक्ताओं को सीधे ई-स्टोर या दुकानों की वेबसाइटों पर किसी सेवा /उत्पाद की खरीदारी के लिए भुगतान की अनुमति देते हैं, जिसे वे वर्चुअल-मोड में खरीद रहे हैं। फिनटेक कंपनियां भुगतान गेटवे को विभिन्न भुगतान अनुप्रयोगों की लाइन पर काम करने की अनुमति देती हैं, जहां व्यवसाय अपने उत्पादों और सेवाओं को अंतिम उपयोगकर्ताओं को बेचते हैं।

Source: www.fusioninformatics.com

## फिनटेक बिजनेस मॉडल के लाभ



### भुगतान गेटवे

- कई भुगतान विकल्प स्वीकार करता है
- चार्ज बैक रोकथाम प्रदान करता है

### डिजिटल वालेट

- धोखे वाले खरीदादारी के प्रति बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है
- डिजिटल वालेट का प्रयोग करने के लिए प्रयोक्ता पर कोई मूल्य नहीं देना होता है।

### नियो बैंकिंग

- कम लागत संरचना
  सेवा सक्षमता


### ऋण प्रदायगी

- बाजार उधार
- वैकल्पिक जोखिम अंकन प्लेटफार्म

### बीमा

- बीमा कंपनियां डिजिटल माध्यम से बीमा बेच रही हैं
- बीमाकर्ताओं के लिए डेटा विश्लेषण और सॉफ्टवेयर प्रदान कर रही हैं

## पीओएस एक्सपोजर बकेट के अनुसार फिनटेक ऋणदाताओं द्वारा संवितरित ऋण की संख्या में % हिस्सा




- समग्र फिनटेक ऋण प्रदायगी व्यवसाय मॉडल ने संवितरित किए गए ऋणों की संख्या में अप्रैल मई जून '21 से जुलाई अगस्त सितंबर '21 तक 51% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि और 18% की तिमाही दर तिमाही वृद्धि देखी।
- 0-500 करोड़ पीओएस बकेट आकार के अंतर्गत आने वाले संस्थाओं द्वारा अप्रैल मई जून '21 से जुलाई अगस्त सितंबर '21 तक संवितरित ऋणों में 279% की वार्षिक वृद्धि और 26% की तिमाही वृद्धि परिलक्षित होती है
- `500-1k करोड़ पीओएस एक्सपोजर बकेट ने जुलाई अगस्त सितंबर '20 से जुलाई अगस्त सितंबर '21 तक 21% की गिरावट दर्ज की।
- `1k-2k करोड़ पीओएस एक्सपोजर बकेट में वर्ष-दर-वर्ष 19% की वृद्धि दर्ज की गई।

प्रदत्त ऋण की संख्या फिनटेक व्यवसाय माडल का प्रयोग कर रहें हैं



Powering the World with knowledge ™

चालू पीओएस या सक्रिय ऋण = 0 से 179 डीपीडी + नए खाते + चालू खाते पीओएस = संविभाग बकाया
90+ अपचार = 90-179 डीपीडी/ लाइव पीओएस
एटीएस (औसत टिकट आकार) = संवितरित राशि / ऋणों की संख्या
जू सि'20 = जुलाई 2020 से सितंबर 2020
अ दि'20 = अक्टूबर 2020 से दिसंबर 2020
ज मा ' 21 = जनवरी 2021 से मार्च 2021 AMJ'21 = अप्रैल 2021 से जून 2021
जु सि 21 = जुलाई 2021 से सितंबर 2021

शेष उत्पाद (आरओपी):

ऑटो ऋण, बैंक जमा पर व्यवसाय ऋण, व्यवसाय ऋण - प्राथमिकता क्षेत्र - कृषि, व्यवसाय ऋण - प्राथमिकता क्षेत्र - लघु व्यवसाय, व्यवसाय ऋण - प्रतिभूत , व्यवसाय ऋण - गैर प्रतिभूत, चेक क्रेडिट/क्रेडिट, वाणिज्यिक वाहन ऋण, क्रेडिट कार्ड, शैक्षणिक ऋण, स्वर्ण ऋण, आवासा ऋण, शेयरों/प्रतिभूतियों पर लीज ऋण, क्रेडिट कार्ड पर ऋण, व्यवसायियों को ऋण, विनिर्मित हाउसिंग, अल्पवित्त व्यवसाय ऋण, अल्पवित्त आवास ऋण, अल्प वित्त व्यक्तिगत ऋण, अन्य, ओवरड्राफ्ट, पी2पी व्यक्तिगत ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना - क्रेडिट लिंक सब्सिडी योजना मई सीएल एस एस, संपत्ति ऋण, ट्रैक्टर ऋण, दोपहिया ऋण, प्रयुक्त कार ऋण

अंचल :

पूर्व: अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, सिक्किम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल

उत्तर: चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड

दक्षिण: आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, लक्षद्वीप, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पांडिचेरी

पश्चिम: दादर और नगर हवेली, दमन और दीव, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान

फिनटेक पल्स (रिपोर्ट) इक्विफैक्स क्रेडिट इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (इक्विफैक्स) द्वारा तैयार किया गया है। रिपोर्ट प्राप्त करने और उसका उपयोग करने पर उपयोगकर्ता यह स्वीकार करता है कि इसका उपयोग इस अस्वीकरण के अधीन है। यह रिपोर्ट इक्विफैक्स के सदस्य संस्थानों द्वारा ब्यूरो को सितंबर 2021 तक प्रस्तुत की गई सूचनाओं के संकलन पर आधारित है। यद्यपि, इक्विफैक्स रिपोर्ट तैयार करने में उचित सावधानी बरतता है, यह संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत गलत या अपर्याप्त जानकारी के कारण सटीकता, त्रुटियों और/या चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। इसके अलावा, इक्विफैक्स रिपोर्ट में जानकारी की पर्याप्तता या पूर्णता की गारंटी नहीं देता है और/या किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए इसकी उपयुक्तता की गारंटी नहीं देता है और न ही इक्विफैक्स रिपोर्ट संबंधी किसी भी उपलब्धता या निर्भरता के लिए जिम्मेदार है और इक्विफैक्स स्पष्ट रूप से ऐसी सभी देयताओं को अस्वीकार करता है। यह रिपोर्ट किसी भी आवेदन, उत्पाद को अस्वीकार या स्वीकार करने की सिफारिश नहीं है और न ही इक्विफैक्स द्वारा (i) उधार देने या न देने और (ii) संबंधित व्यक्ति /इकाई के साथ किसी भी वित्तीय लेनदेन में प्रवेश करने या न करने की कोई सिफारिश नहीं है। रिपोर्ट में निहित जानकारी परामर्श नहीं देती है और उपयोगकर्ता को इस रिपोर्ट में निहित जानकारी के आधार पर कोई भी निर्णय लेने से पहले सभी आवश्यक विश्लेषण करना चाहिए, जो उसकी राय में विवेकपूर्ण हो। रिपोर्ट में प्रस्तुत सभी विश्लेषण नमूनों पर आधारित हैं। रिपोर्ट का उपयोग क्रेडिट सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम 2005, क्रेडिट सूचना कंपनी विनियम, 2006, क्रेडिट सूचना कंपनी नियम, 2006 के प्रावधानों द्वारा अभिशासित है। बिना पूर्व अनुमति के रिपोर्ट के किसी भी अंश की प्रतिलिपि न बनाई जाए तथा उसे प्रकाशित न किया जाए।

वर्तमान रिपोर्ट 115 एनबीएफसी-फिनटेक (यथा सितंबर 2021 तक) का विश्लेषण है, जो इक्विफैक्स के सम्मुख आंकड़े प्रस्तुत करते हैं।